**A**

**CCE RR/PR/PF/**
**NSR/NSPR**
**FULL SYLLABUS**

# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD, MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

**ಆಗಸ್ಟ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ - 3**

**AUGUST 2024 EXAMINATION - 3**

## ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

## MODEL ANSWERS

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **Code No. : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

( ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)

**( Regular Repeater / Private Repeater / Private Fresh / NSR / NSPR )**

ದಿನಾಂಕ : **03. 08. 2024 ]** **[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80**

**Date : 03. 08. 2024 ]** **[ Max. Marks : 80**

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8 | |
| 1. | 'सदाचार' शब्द का विलोम रूप है –<br>(A) आचार (B) दुराचार<br>(C) विचार (D) उपचार<br>**उत्तर :** (B) दुराचार | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | 'पंडिताइन' शब्द का पुल्लिंग रूप है –<br>(A) विदुषि (B) मूर्ख<br>(C) पंडिता (D) पंडित<br>**उत्तर :** (D) पंडित | 1 |
| 3. | निम्नलिखित में से एकवचन शब्द है –<br>(A) पैसा (B) कपड़े<br>(C) पत्ते (D) परदे<br>**उत्तर :** (A) पैसा | 1 |
| 4. | निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –<br>(A) सुनना (B) सुनाना<br>(C) अनसुना (D) सुन<br>**उत्तर :** (B) सुनाना | 1 |
| 5. | 'प्रत्युपकार' शब्द में संधि है –<br>(A) गुण (B) यण्<br>(C) वृद्धि (D) अयादि<br>**उत्तर :** (B) यण् | 1 |
| 6. | 'पंचवटी' शब्द में समास है –<br>(A) द्वंद्व (B) तत्पुरुष<br>(C) कर्मधारय (D) द्विगु<br>**उत्तर :** (D) द्विगु | 1 |
| 7. | इंटरनेट ............ मतलब क्या है ?<br>रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –<br>(A) का (B) को<br>(C) में (D) ने<br>**उत्तर :** (A) का | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 8. | एक छलनी में तुम्हें क्या बचेगा ?<br>वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) विस्मयादिबोधक (B) अल्पविराम<br>(C) पूर्ण विराम (D) प्रश्नवाचक<br>**उत्तर :** (D) प्रश्नवाचक | 1 |
| **II.** | **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4** | |
| 9. | जोहरा : जलालुद्दीन : : आशियम्मा : ................<br>**उत्तर :** जैनुलाबदीन | 1 |
| 10. | बसंत की सच्चाई : एकांकी : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ............<br>**उत्तर :** व्यंग्य रचना | 1 |
| 11. | कर्नल : खुल्लर : : रज्जु नेता : ...........<br>**उत्तर :** अंग दोरजी | 1 |
| 12. | भोला-भाला : कृष्ण : : चुगलखोर : ..................<br>**उत्तर :** बलराम | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| **III.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4** | |
| 13. | रोज एक सेब खाने से किनकी जरूरत नहीं होगी ?<br>**उत्तर :** डॉक्टर की | 1 |
| 14. | लेखक पहनने के कपड़े कहाँ दबाकर सोये ?<br>**उत्तर :** सिरहाने | 1 |
| 15. | आधुनिक मनुष्य ने किस पर विजय पायी है ?<br>**उत्तर :** प्रकृति पर | 1 |
| 16. | हंस का गुण कैसा होता है ?<br>**उत्तर :** दूध पीकर, पानी छोड़ देना । | 1 |
| **IV.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16** | |
| 17. | दूकानदार ने सेब का वर्णन कैसे किया ?<br>**उत्तर :** बड़े मजेदार सेब आए हैं, खास कश्मीर के । आप ले जाएँ, खाकर तबीयत खुश हो जायेगी । | 2 |
| 18. | आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं ?<br>**उत्तर :** चावल, स्वादिष्ट सांबार, घर का बना अचार, नारियल की चटनी । | 2 |
| 19. | लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?<br>**उत्तर :** मकान बनाने के बारे में, जानवरों से पूछ-ताछ करने के लिए । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 20. | पाँच हजार रुपये मिलने पर मोहन क्या कहता है ?<br>**उत्तर :** ये रुपये हम प्रधानाध्यापक को देंगे । स्कूल के पुस्तकालय में गरीब बच्चों के लिए हम पुस्तकों का प्रबंध करेंगे । | 2 |
| 21. | दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?<br>**उत्तर :** जो मानव आपसी भेद-भाव को भूलकर, दूसरे मानव के साथ प्रेम, स्नेह और भाईचारे के साथ रहता है, वही सही मानव है । | 2 |
| 22. | बालकृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज है ?<br>**उत्तर :** क्योंकि यशोदा हमेशा कृष्ण को ही डाँटती है, बलराम को कुछ नहीं कहती । | 2 |
| 23. | शनि ग्रह को 'शनैश्चर' क्यों कहते हैं ?<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह एक ठंडा ग्रह है । क्यों ?<br>**उत्तर :** शनैश्चर का अर्थ होता है - धीमी गति से चलनेवाला । शनि ग्रह आकाश के गोल पर बहुत धीमी गति से चलता दिखाई देता है ।<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह सूर्य से बहुत दूर है । इसलिए वहाँ – 150° सेंटीग्रेड के आसपास तापमान रहता है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 24. | सत्य की शक्ति के बारे में गाँधीजी का कथन क्या है ?<br>**अथवा**<br>अकुल ने मीना मैडम से क्या कहा ?<br>**उत्तर :** सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है उतने ही फल उसमें लगते हैं । उनका अंत नहीं होता ।<br>**अथवा**<br>एक नागरिक की हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए । | 2 |
| **V.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**<br>**9 × 3 = 27** | |
| 25. | गिल्लू के अंतिम दिन का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * आखरी दिन गिल्लू ने, न कुछ खाया, न बाहर गया ।<br>* पंजे ठंडे होने पर, हीटर जलाकर उष्णता देने का प्रयत्न किया ।<br>* सूर्योदय के साथ ही उसके प्राण चले गये । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 26. | बसंत एक स्वाभिमानी लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** * अनाथ बसंत बाजार में कुछ चीजें बेचकर जी रहा है ।<br>* जब राजकिशोर बिना छलनी लिए, पैसे देने जाते हैं तो इनकार करता है ।<br>* बसंत उसे भीख मानता है ।<br>* मोटर दुर्घटना के बाद भी राजकिशोर के पैसे वापस भेजता है । | 3 |
| 27. | रोबोनिल और रोबोदीप के बीच दोस्ती कैसे हुई ? बताइए ।<br>**उत्तर :** * रोबोनिल रोज शाम को शेरू को टहलाने जाता था ।<br>* शर्मा परिवार का रोबोट रोबोदीप झबरु को घुमाने जाया करता था ।<br>* एक दिन दोनों की मुलाकात हो गई । दोस्ती बन गई । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 28. | 'महिला की साहस गाथा' पाठ से क्या संदेश मिलता है ? बताइए ।<br><br>**उत्तर :** * महिलाएँ पुरुषों से कम नहीं ।<br>* साहस, दृढ़ निश्चय, अथक परिश्रम आदि गुण सीखते हैं ।<br>* हिमालय की चोटियों की जानकारी ।<br>* पर्वतारोहण की तैयारियों की जानकारी ।<br>* मेहनत का फल अच्छा होता है ।<br>( इनमें से कोई तीन-चार अंश ) | 3 |
| 29. | 'बेंगलूरु' एक विश्वप्रसिद्ध शहर है । कैसे ? वर्णन कीजिए ।<br><br>**उत्तर :** * कर्नाटक की राजधानी ।<br>* देश-विदेश के लोग यहाँ बसते हैं ।<br>* शिक्षा और उद्योग-धंधों का केंद्र ।<br>* भारतीय विज्ञान संस्थान, एच० ए० एल०, एच० एम० टी०, आइ० टी० आइ०, बी० एच० ई० एल०, बी० ई० एल० आदि संस्थाएँ हैं ।<br>* सिलिकॉन सिटी कहलाता है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 30. | मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * हरे भरे सुंदर खेत ।<br>* फल–फूलों से सुशोभित वन–उपवन ।<br>* अपार खनिज संपत्ति । | 3 |
| 31. | 'समय अनमोल है ।' – कैसे ? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** * समय अत्यंत मूल्यवान है ।<br>* समय का महत्व धन से ज्यादा है ।<br>* बीता हुआ समय वापस नहीं मिलता ।<br>* समय को व्यर्थ नहीं गँवाना चाहिए । | 3 |
| 32. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।<br>तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।<br>**उत्तर :** * धर्म का मूल दया है ।<br>* पाप का मूल अभिमान है ।<br>* जीवन भर दया गुण नहीं छोड़ना चाहिए । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 33. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :<br><br>कर्नाटक में कावेरी, कृष्णा, तुंगभद्रा आदि अनेक नदियाँ बहती हैं । इन नदियों पर बाँध बनाये गये हैं । इनसे हज़ारों एकड़ ज़मीन सींची जाती है ।<br><br>**उत्तर :** ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಕಾವೇರಿ, ಕೃಷ್ಣಾ, ತುಂಗಭದ್ರಾ ಮುಂತಾದ ನದಿಗಳು ಹರಿಯುತ್ತವೆ. ಈ ನದಿಗಳಿಗೆ ಅಡ್ಡಲಾಗಿ ಅಣೆಕಟ್ಟುಗಳನ್ನು ಕಟ್ಟಲಾಗಿದೆ. ಇವುಗಳಿಂದ ಸಾವಿರಾರು ಎಕರೆ ಜಮೀನಿಗೆ ನೀರುಣಿಸಲಾಗುತ್ತದೆ.<br><br>Many rivers flow in Karnataka like Cauvery, Krishna, Tungabhadra etc. Dams are constructed across these rivers. By this thousands of acres of land is irrigated. | 3 |
| **VI.**<br><br>34. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8**<br><br>'इंटरनेट एक वरदान है ।' कैसे ? सोदाहरण समझाइए ।<br><br>**अथवा**<br><br>'सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है ।' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br><br>**उत्तर :** * आज का युग इंटरनेट युग है ।<br>* संचार व सूचना के क्षेत्र में क्रांति हुई है । चित्र, वीडियो, संदेश कम समय में कहीं भी भेज सकते हैं । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * ई–बैंकिंग द्वारा पैसों का लेन–देन । | 4 |
| | * घर बैठे खरीदारी । | |
| | * वीडियो कान्फरेन्स द्वारा सचित्र विचार–विनिमय । | |
| | * सोशल नेटवर्किंग द्वारा देश–विदेश के लोगों का परिचय । | |
| | * आई० टी० और आई० टी० ई० एस० के कारण रोजगारी । | |
| | * 'ई–गवर्नेन्स' द्वारा पारदर्शी प्रशासन । | |
| | ( इनमें से कोई पाँच–छः अंश ) | |
| | **अथवा** | |
| | * सोशल नेटवर्किंग की वजह से देश–विदेश के लोगों का परिचय । | |
| | * दुनिया भर के लोगों की रहन–सहन, वेश–भूषा, खान–पान के बारे में जानकारी । | |
| | * देश–विदेश की कला और संस्कृति का परिचय और प्रभाव । | |
| | * फेसबुक, आरकुट, ट्विट्टर, लिंकडइन आदि सोशल नेटवर्किंग के साइट्स हैं । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 35. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>असफलता ............................<br>..........................................<br>..........................................<br>............................ भागो तुम ।<br>**उत्तर :** असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | 4 |
| **VII.** | **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4** | |
| 36. | सामान्यतया मानव की दो प्रवृत्तियाँ होती हैं – स्वार्थ और परमार्थ । हम अधिकतर कार्य अपने लिए करते हैं । निःस्वार्थी मनुष्य समाज के कल्याण के लिए संपत्ति का संचयन करता है । वृक्ष अपने लिए नहीं परहित के लिए फल धारण करते हैं । नदी | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | दूसरों के लिए बहती है । प्रकृति हमें निरंतर परोपकार का संदेश देती है । अतः परोपकार को ही अपना कर्त्तव्य समझना चाहिए । परोपकारी मनुष्य सदा प्रसन्न रहता है ।<br><br>(अ) मानव की प्रवृत्तियाँ कौन-सी हैं ?<br><br>(आ) निःस्वार्थी मनुष्य संपत्ति का संचयन क्यों करते हैं ?<br><br>(इ) वृक्ष किसके लिए फल धारण करते हैं ?<br><br>(ई) प्रकृति हमें क्या संदेश देती है ? | |
| | **उत्तर :** (अ) स्वार्थ और परमार्थ । | 1 |
| | **उत्तर :** (आ) समाज के कल्याण के लिए । | 1 |
| | **उत्तर :** (इ) परहित के लिए । | 1 |
| | **उत्तर :** (ई) परोपकार का । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| **VIII.** | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4** | |
| 37. | (क) **पर्यावरण की रक्षा**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ पर्यावरण का महत्व<br>✳ प्रदूषण के कारण तथा परिणाम<br>✳ परिहारोपाय<br>✳ उपसंहार ।<br>(ख) **नागरिक के कर्तव्य**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ विषय प्रवेश<br>✳ नागरिक कर्तव्य और उनका महत्व<br>✳ उपसंहार ।<br>(ग) **जनसंख्या समस्या**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण<br>✳ जनसंख्या समस्या का परिणाम<br>✳ परिहारोपाय<br>✳ उपसंहार । | |
| | **उत्तर :** ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1 | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| **IX.** | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : $1 \times 5 = 5$** | |
| 38. | परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।<br>**उत्तर : पारिवारिक पत्र –**<br>✳ प्रेषक का पता व दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन एवं अभिवादन 1<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>**अथवा**<br>**व्यावहारिक पत्र –**<br>✳ प्रेषक का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ विषय $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$ | 5 |